**CLASS : 12th** Sr. Sec. (Academic) **Code No. 2903**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : A**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

***(Morning Session)***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा । वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/ शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है ।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) *'मुझसे मिलने को कौन विकल'* ? यह प्रश्न कवि के मन में क्या भरता है ?

(क) प्रसन्नता (ख) चंचलता

(ग) विह्वलता (घ) उत्सुकता

(ii) कवि ने लाल सवेरा की तुलना किसकी आँखों से की है ?

(क) चिड़िया (ख) खरगोश

(ग) कबूतर (घ) हंस

(iii) 'पतंग' कविता में कपास किसका प्रतीक है ?

(क) चंचलता का (ख) कठोरता का

(ग) निर्मलता का (घ) कोमलता का



Downloaded from cclchatper.com

(iv) 'कैमरे में बंद अपाहिज' के होठों पर क्या है ?

(क) कसमसाहट (ख) घबराहट

(ग) बौखलाहट (घ) हड़बड़ाहट

(v) कवि को किन बादलों की मँडराती कोमलता नष्ट कर देती है ?

(क) गरीबी के (ख) ममता के

(ग) उजाला के (घ) अमावस्या के

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*दिल में क्या झरना है*

*मीठे पानी का सोता है*

*भीतर वह, ऊपर तुम*

*मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात-भर*

*मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है*

**अथवा**

*फिर हम पर्दे पर दिखलाएँगे*

*फूली हुई आँख की एक बड़ी तसवीर*

*बहुत बड़ी तसवीर*

*और उसके होठों पर एक कसमसाहट भी ।*



Downloaded from cclchatper.com

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** आलोक धन्वा के जीवन, रचनाओं तथा भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह*
*मुझसे खेल रही थी,*
*मुझे पसीना पोंछते देख कर पूछा –*
*''क्या तुमने भाषा को*
*सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा'' ?*

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'पतंग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) *'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है'* – पंक्ति की आवृत्ति से कविता की किस विशेषता का पता चलता है ?

(ग) *'सबसे तेज़ बौछारें गयीं, भादों गया'* के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) पति की मृत्यु के समय भक्तिन की आयु कितनी थी ?

(क) 26 वर्ष (ख) 29 वर्ष

(ग) 30 वर्ष (घ) 35 वर्ष



Downloaded from cclchatper.com

(ii) महादेवी वर्मा के द्वारा पुकारी जाने पर भक्तिन क्या कहती थी ?

(क) जी (ख) आई

(ग) आँय (घ) हाँ, जी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार

(ग) कुमार सुधार सभा (घ) विधान सभा

(iv) जैनेन्द्रकुमार ने केवल बाज़ार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को क्या बताया है ?

(क) नीतिशास्त्र (ख) सुनीतिशास्त्र

(ग) अनीतिशास्त्र (घ) अधोनीतिशास्त्र

(v) जन्माष्टमी के अवसर पर दीदी के कहने पर लेखक आठ दिन तक क्या बाँटा करता था ?

(क) लड्डू (ख) मठरी

(ग) पँजीरी (घ) भुजिया

(vi) 'पहलवान की ढोलक' कहानी में पूरे गाँव में मलेरिया और हैज़े का प्रकोप किस मौसम में फैला था ?

(क) गर्मी (ख) सर्दी

(ग) वर्षा (घ) वसन्त



Downloaded from cclchatper.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

बाज़ार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है । और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेज़िंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति, शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाज़ार को देते हैं । न तो वे बाज़ार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं ।

**अथवा**

देख तू तो अभी से पढ़-लिख गया है। मैंने तो गाँव के मदरसे का मुँह नहीं देखा । पर एक बात देखी है कि अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर ज़मीन में क्यारियाँ बनाकर फेंक देता है । उसे बुवाई कहते हैं । यह जो सूखे हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है ।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में लिखिए : 4 + 4 = 8

(क) 'गगरी फूटी बैल पियासा' इन्दरसेना के इस खेलगीत में बैलों के प्यासा रहने की बात क्यों मुखरित हुई है ?

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता है ?



Downloaded from cclchatper.com

(ग) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा लेने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है ?

**9.** **'वितान भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ? 2

(ग) समय के साथ ढल सकने में यशोधर बाबू असफल कैसे रहते हैं ? 2

(घ) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की क्या भूमिका रही है ? 2

**10.** (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक*** या ***दो*** पंक्तियों में दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) 'ब्रेकिंग न्यूज़' किसे कहते हैं ?

(ii) उल्टा पिरामिड शैली क्या है ?

(iii) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है ?

(ख) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए । 6

(ग) 'फ़ीचर' से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? 6



Downloaded from cclchatper.com

**11.** (क) (i) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 1 × 2 = 2

सच्चरित्र, मनोहर।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : 1 × 2 = 2

उत् + लास, नव + ऊढ़ा ।

(ख) निम्नलिखित पदों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए : 1 × 4 = 4

राजपुत्र, चंद्रमुख, गंगा-यमुना, पतिव्रता ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 × 2 = 2

(i) मुझे एक फूलों की माला चाहिए ।

(ii) बेफिजूल बातें मत करो ।



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic)** **Code No. 3003**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | | **SET : A**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

[ सभी वर्ग **I, II, III** के लिए ]

***ACADEMIC***

**2nd SEMESTER**

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

***Evening Session***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) 'उषा' कविता में प्रातःकालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ?

(क) केसर (ख) सिंदूर

(ग) खड़िया (घ) शंख

(ii) आतंक अंक पर कौन काँप रहे हैं ?

(क) निम्न वर्ग (ख) कृषक वर्ग

(ग) धनी वर्ग (घ) मजदूर वर्ग

(iii) बादल की वज्र जैसी हुंकार सुनकर हृदय कौन थाम लेता है ?

(क) संसार (ख) पूँजीपति

(ग) मजदूर (घ) शोषक

(iv) *'नारि हानि बिसेष छति नाहीं'* – यहाँ छति का अर्थ है :

(क) छतरी (ख) छत

(ग) हानि (घ) लाभ



Downloaded from cclchatper.com

(v) 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' किस भाषा में है ?

(क) ब्रज (ख) अवधी

(ग) खड़ी बोली (घ) भोजपुरी

(vi) 'छोटा मेरा खेत' कविता में किसके अंकुर फूटने की बात कही है ?

(क) गीत के (ख) बीज के

(ग) वृक्ष के (घ) शब्द के

(vii) 'तारे आँखें झपकावें है ज़र्रा-ज़र्रा सोये हैं' – यहाँ ज़र्रा-ज़र्रा का अर्थ है :

(क) ज़रा-ज़रा (ख) ज़रा-सा

(ग) क्षण-क्षण (घ) कण-कण

(viii) 'बगुलों के पंख' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(क) शमशेर बहादुर सिंह

(ख) उमाशंकर जोशी

(ग) फ़िराक गोरखपुरी

(घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*जथा पंख बिनु खग अति दीना । मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।*
*अस मम जिवन बंधु बिन तोही । जौं जड़ दैव जिआवै मोही।।*
*जैहउँ अवध कवन मुँह लाई । नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।।*
*बरु अपजस सहतेउँ जग माहीं । नारि हानि बिसेष छति नाहीं।।*



Downloaded from cclchatper.com

**अथवा**

*अट्टालिका नहीं है रे*

*आतंक-भवन*

*सदा पंक पर ही होता*

*जल-विप्लव-प्लावन*

*क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से*

*सदा छलकता नीर,*

*रोग-शोक में भी हँसता है*

*शैशव का सुकुमार शरीर।*

**3.** उमाशंकर जोशी ***अथवा*** सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, रचनाओं तथा भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से*

*कि जैसे धुल गई हो स्लेट पर या लाल खड़िया चाक*

*मल दी हो किसी ने।*

**अथवा**

*तेरे गम का पासे-अदब है कुछ दुनिया का ख्याल भी है।*

*सबसे छिपा के दर्द के मारे चुपके-चुपके रो ले हैं।।*



Downloaded from cclchatper.com

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$

(क) 'बगुलों के पंख' कविता में कवि किसे रोकना चाहता है और क्यों ?

(ख) *'मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं'* – यहाँ परदा खोलने से क्या आशय है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) चार्ली चैप्लिन ने अपनी फ़िल्मों में किन-किन रसों का मिश्रण किया है ?

(क) वीर एवं शांत (ख) वीर एवं हास्य

(ग) हास्य एवं करुण (घ) हास्य एवं शृंगार

(ii) 'मेकिंग ए लिविंग' चैप्लिन की कौन-सी फ़िल्म है ?

(क) पहली (ख) दूसरी

(ग) तीसरी (घ) चौथी

(iii) सफ़िया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर

(iv) सफ़िया की अम्मा सफ़ेद बारीक मलमल का दुपट्टा कब ओढ़ा करती थी ?

(क) ईद पर (ख) रक्षाबन्धन पर

(ग) मुहर्रम पर (घ) रमज़ान पर

(v) शिरीष की डाल कैसी होती है ?

(क) सख्त (ख) कमजोर

(ग) कठोर (घ) लंबी



Downloaded from cclchatper.com

(vi) लेखक ने शिरीष की तुलना निम्न में से किसके साथ की है ?

(क) जवाहरलाल नेहरू (ख) लाजपत राय

(ग) महात्मा गाँधी (घ) कालिदास

(vii) जाति-प्रथा किस पहलू के लिए हानिकारक है ?

(क) आर्थिक (ख) राजनैतिक

(ग) सामाजिक (घ) ऐतिहासिक

(viii) फ्रांसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा है ?

(क) स्वतंत्रता (ख) समता

(ग) राजतंत्र (घ) श्रम-विभाजन

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

चार्ली की अधिकांश फ़िल्में भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं इसलिए उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा मानवीय होना पड़ा। सवाक् चित्रपट पर कई बड़े-बड़े कॉमेडियन हुए हैं, लेकिन वे चैप्लिन की सार्वभौमिकता तक क्यों नहीं पहुँच पाए इसकी पड़ताल अभी होने को है। चार्ली का चिर-युवा होना या बच्चों जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते।

**अथवा**

यह बिडंबना की ही बात है कि इस युग में भी 'जातिवाद' के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं। समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है, कि आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम-विभाजन को आवश्यक मानता है, और चूंकि जाति-प्रथा भी श्रम-विभाजन का ही दूसरा रूप है, इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है।



Downloaded from cclchatper.com

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?

(ख) नमक ले जाने के बारे में सफ़िया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसकी किन्हीं ***तीन*** चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ग) लेखक के मतानुसार 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है ?

**9.** ***'वितान भाग - 2'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) मोहनजोदड़ो कहाँ बसा हुआ था ? इसे विशेष प्रकार से क्यों बसाया गया था ?

(ख) मोहनजोदड़ो में जल निकासी की व्यवस्था कैसे की गई थी ?

(ग) मोहनजोदड़ो को जल-संस्कृति का नाम क्यों दिया जाता है ?

(घ) ऐन को किस कारण लगा था कि उसकी दुनिया पूरी तरह से उलट-पुलट गई थी ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया था जिससे ऐन को खुशी मिली थी ?

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) प्राचीन काल में मौखिक कहानी की लोकप्रियता का क्या कारण था ? 3

(ख) दृश्य-श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यम की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ? 6



Downloaded from cclchatper.com

(ग) किसी कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्य-विभाजन कैसे किया जाता है ? 6

**11.** (क) रूपक ***अथवा*** यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 = 2

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(i) पीपर पात सरिस मन डोला।

(ii) खग-कुल कुल-कुल सा बोल रहा।

(iii) सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा।

**12.** निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नारी नर की शक्ति है। वह माता, बहन, पत्नी और पुत्री आदि रूपों में पुरुष में कर्त्तव्य की भावना सदा जगाती रहती है। वह ममतामयी है। अतः पुष्प के समान कोमल है किंतु चोट खाकर जब वह अत्याचार के लिए सन्नद्ध हो जाती है, तो वज्र से भी ज्यादा कठोर हो जाती है। तब वह न माता रहती है, न प्रिया, उसका एक ही रूप होता है और वह है दुर्गा का । वास्तव में नारी सृष्टि का ही रूप है, जिसमें सभी शक्तियाँ समाहित हैं।

(क) प्रस्तुत अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ख) नारी को फूल-सी कोमल क्यों कहा गया है ? 1

(ग) नारी दुर्गा का रूप कब बन जाती है ? 1

(घ) नारी किस-किस रूप में नर में शक्ति और कर्त्तव्य की भावना जगाती है ? 1



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th** Sr. Sec. (Academic) **Code No. 2903**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |  **SET : B**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

***(Morning Session)***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा । वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/ शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है ।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) किसके बच्चे प्रत्याशा में होंगे ?

(क) गाय के (ख) चिड़िया के

(ग) कबूतर के (घ) कवि के

(ii) छत से गिरने और बचने के बाद बच्चे क्या बन जाते हैं ?

(क) डरपोक (ख) निडर

(ग) ईर्ष्यालु (घ) सहनशील

(iii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

(क) अपाहिज पर (ख) दूरदर्शन वालों पर

(ग) गरीबों पर (घ) दर्शक पर



Downloaded from cclchatper.com

(iv) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता है ?

(क) धरती में (ख) आकाश में

(ग) बादलों में (घ) अन्धेरी गुफा में

(v) कपास किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?

(क) मुलायम (ख) रुई

(ग) कृषि उत्पाद (घ) मखमल

**2.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना*
*मैं पेंच को खोलने की बजाए*
*उसे बेतरह कसता चला जा रहा था*
*क्योंकि इस करतब पर मुझे*
*साफ़ सुनाई दे रही थी*
*तमाशबीनों की शाबाशी और वाह-वाह*

**अथवा**

*जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है*
*जितना भी उँड़ेलता हूँ, भर-भर फिर आता है*
*दिल में क्या झरना है ?*
*मीठे पानी का सोता है*
*भीतर वह, ऊपर तुम*
*मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात भर*
*मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है*



Downloaded from cclchatper.com

**3.** आलोक धन्वा ***अथवा*** रघुबीर सहाय के जीवन, रचनाओं एवं भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*हो जाए न पथ में रात कहीं,*
*मंज़िल भी तो है दूर नहीं –*
*यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है !*
*दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !*

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) यदि शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे व्यक्ति और दर्शक, दोनों एक साथ रोने लगेंगे तो उससे प्रश्नकर्त्ता का कौन-सा उद्देश्य पूरा होगा ?

(ग) *'पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं'* – बच्चों का उड़ान से कैसा सम्बंध बनता है ? स्पष्ट कीजिए ।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) लछमिन (भक्तिन) का विवाह कितने वर्ष की आयु में हुआ ?

(क) 5 वर्ष (ख) 10 वर्ष

(ग) 14 वर्ष (घ) 18 वर्ष



Downloaded from cclchatper.com

(ii) भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

(क) झाँसी (ख) झूँसी

(ग) हाँसी (घ) हूँसी

(iii) 'बाज़ार दर्शन' पाठ में लेखक का मित्र किसके साथ बाज़ार गया ?

(क) लेखक के साथ (ख) पत्नी के साथ

(ग) पड़ोसी के साथ (घ) अकेले

(iv) लुट्टन कितने वर्ष की उम्र में अनाथ हो गया था ?

(क) आठ वर्ष (ख) नौ वर्ष

(ग) दस वर्ष (घ) ग्यारह वर्ष

(v) महादेवी वर्मा क्या पढ़ते-पढ़ते शहर और देहात के जीवन के अन्तर पर विचार किया करती थीं ?

(क) पतंजलि सूत्र (ख) ज्ञान सूत्र

(ग) न्याय सूत्र (घ) अर्थ सूत्र

(vi) महादेवी वर्मा के तकिए पर कौन सिकुड़कर सो जाया करती थी ?

(क) सोना (ख) गोधूलि

(ग) वसन्त (घ) हिरणी



Downloaded from cclchatper.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है, जितना अपने घर में बारी-बारी से आने जाने वाले अँधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए ही हमें सुख-दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए हैं।

**अथवा**

अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं ***चार*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।



Downloaded from cclchatper.com

(ख) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ?

(ग) 'बाज़ार दर्शन' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

**9.** **'वितान भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) किशन दा का बुढ़ापा सुखी क्यों न रह सका ? 2

(ग) अधिकारी के रूप में दफ्तर में यशोधर बाबू का व्यवहार कैसा है ? 2

(घ) कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया ? 2

**10.** (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक*** या ***दो*** पंक्तियों में दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) उल्टा पिरामिड शैली में समाचार को कितने हिस्सों में बाँटा जाता है ? नाम भी लिखिए ।

(ii) भारत में पहला छापाखाना कहाँ लगा ? और कब ?

(iii) 'डेड लाइन' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) समाचार लेखन के ***छह*** ककार कौन-कौन-से हैं ? विस्तार से समझाइए । 6



Downloaded from cclchatper.com

(ग) जनसंचार माध्यमों में प्रिंट माध्यम की खूबियों एवं खामियों का उल्लेख कीजिए । 6

**11.** (क) (i) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : $1 \times 2 = 2$

वधूत्सव, प्रत्युत्तर ।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : $1 \times 2 = 2$

अति + आचार, नौ + इक ।

(ख) निम्नलिखित पदों का समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : $1 \times 4 = 4$

हस्तलिखित, सतसई, यथाशक्ति, नीलकंठ ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : $1 \times 2 = 2$

(i) जवाहर लाल नेहरू का सदा देश आभारी रहेगा ।

(ii) बच्चों से गुस्सा मत करो ।



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic)** **Code No. 3003**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |   **SET : B**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[** सभी वर्ग **I, II, III** के लिए **]**

***ACADEMIC***

**2nd SEMESTER**

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

***Evening Session***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

(iii) *शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 8 = 8

(i) *'लाल खड़िया चाक मल दी हो किसी ने स्लेट पर'* – पंक्ति में स्लेट क्या है ?

(क) धरती (ख) आकाश

(ग) पृथ्वी (घ) सूर्य

(ii) नीले आकाश में उदय होता हुआ सूर्य किसके समान दिखाई देता है ?

(क) शंख के समान (ख) झील के समान

(ग) सिंदूर के समान (घ) गौरवर्णीय सुन्दरी के समान

(iii) 'बादल-राग' कविता में बादल किसका प्रतीक है ?

(क) शोषण (ख) क्रांति

(ग) उत्साह (घ) मनोरंजन

(iv) क्रांति का सबसे अधिक लाभ किस वर्ग को मिलता है ?

(क) पूँजीपति वर्ग (ख) धनी वर्ग

(ग) निम्न वर्ग (घ) सत्ताधारी वर्ग



Downloaded from cclchatper.com

(v) लक्ष्मण के जीवित होने की ख़बर सुनकर रावण किसके पास जाता है ?

(क) मेघनाथ (ख) कुंभकरण

(ग) हनुमान (घ) विभीषण

(vi) कवि ने अभिव्यक्ति रूपी बीज किस पर बोया था ?

(क) कागज़ के पृष्ठ पर (ख) आँगन में

(ग) खेत में (घ) छत पर

(vii) श्रीराम के मतानुसार पंखों के बिना किसकी स्थिति दयनीय होती है ?

(क) पक्षी की (ख) मछली की

(ग) साँप की (घ) वानर की

(viii) *'तेरे गम का पासे-अदब है कुछ दुनिया का खयाल भी है'* – पंक्ति में कौन-सी भाषा है ?

(क) तत्सम् प्रधान (ख) तद्भव प्रधान

(ग) उर्दू-फ़ारसी (घ) बोलचाल की शब्दावली

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*नील जल में या*

*किसी की गौर, झिलमिल देह*

*जैसे हिल रही हो*

*और .........*

*जादू टूटता है इस उषा का अब*

*सूर्योदय हो रहा है।*



Downloaded from cclchatper.com

**अथवा**

*अब अपलोकु सोकु सुत तोरा । सहिहि निठुर कठोर उर मोरा।।*
*निज जननी के एक कुमारा । तात तासु तुम्ह प्रान अधारा।।*
*सौंपेसि मोहि तुम्हहि गहि पानी । सब विधि सुखद परम हित जानी।।*
*उतरु काह दैहउँ तेहि जाई । उठि किन मोहि सिखावहु भाई ।।*

**3.** शमशेर बहादुर सिंह ***अथवा*** तुलसीदास के जीवन, रचनाओं तथा भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*छोटा मेरा खेत चौकोना*
*कागज़ का एक पन्ना,*
*कोई अंधड़ कहीं से आया*
*क्षण का बीज वहाँ बोया गया।*

**अथवा**

*बार-बार गर्जन*
*वर्षण है मूसलाधार,*
*हृदय थाम लेता संसार,*
*सुन-सुन घोर वज्र हुंकार*

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$

(क) 'बगुलों के पंख' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) भोर के नभ को 'राख से लीपा गया चौका' कहा गया है, क्यों ?



Downloaded from cclchatper.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) चार्ली चैप्लिन की फ़िल्मों का आधार क्या है ?

(क) प्रेम (ख) युद्ध

(ग) भावनाएँ (घ) धर्म

(ii) किस भारतीय अभिनेत्री ने चार्ली चैप्लिन की तरह अभिनय किया है ?

(क) राखी गुलज़ार (ख) ऐश्वर्या राय

(ग) निरूपा राय (घ) श्रीदेवी

(iii) हिंदुस्तानी कस्टम अफसर का क्या नाम था ?

(क) अनिल दास गुप्त (ख) सुनील दास गुप्त

(ग) सुरेश दास गुप्त (घ) नरेश दास गुप्त

(iv) ''हमारा वतन तो जी लाहौर ही है'' – यह कथन किसका है ?

(क) सफ़िया का (ख) सुनील दास गुप्त का

(ग) सफ़िया के भाई का (घ) सिख बीबी का

(v) उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भाँति अजेय है ?

(क) पलाश (ख) शिरीष

(ग) गुलाब (घ) चम्पा

(vi) विष्णु खरे के अनुसार संस्कृत नाटकों में जो विदूषक है, वह किनसे बदतमीज़ियाँ करता है ?

(क) मूर्खों से (ख) राज व्यक्तियों से

(ग) छोटे व्यक्तियों से (घ) सेवकों से



Downloaded from cclchatper.com

(vii) आम्बेडकर के अनुसार इस युग में किसके पोषकों की कमी नहीं है ?

(क) श्रमवाद (ख) जातिवाद

(ग) धर्मवाद (घ) राजनीतिवाद

(viii) आम्बेडकर ने किसके वास्तविक रूप को दूध और पानी के मिश्रण की भाँति बताया है ?

(क) भाईचारे (ख) दाम्पत्य

(ग) राजा-प्रजा (घ) स्वामी-सेवक

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है ?

**अथवा**

मैं सोचता हूँ कि पुराने की अधिकार लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? ज़रा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अति प्रामाणिक सत्य हैं । तुलसीदास ने अफ़सोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगाई थी – 'धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना।'

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा है और क्यों ?

(ख) लेखक के अनुसार 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है ?



Downloaded from cclchatper.com

(ग) नमक ले जाने के बारे में सफ़िया के मन में उठे द्वंद्वों के आधार पर उसकी किन्हीं ***तीन*** चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**9.** ***'वितान भाग - 2'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) मोहनजोदड़ो के अजायबघर में खुदाई के समय मिली कौन-कौन-सी चीज़ें रखी हुई हैं ?

(ख) मोहनजोदड़ो में जल निकासी की व्यवस्था किस प्रकार की गई थी ?

(ग) ऐन ने अपने थैले में क्या-क्या भरा और क्यों ?

(घ) अज्ञातवास के दौरान टर्की से सम्बन्धित वह कौन-सी अफ़वाह थी जिसे सुनकर ऐन के परिवार का उत्साह बढ़ गया था ?

(ङ) ऐन को किस कारण लगा था कि उसकी दुनिया पूरी तरह से उलट-पुलट गई थी ?

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कहानी और नाटक की किन्हीं ***तीन*** समानताओं को लिखिए। 3

(ख) कहानी के पात्र नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार परिवर्तित किए जा सकते हैं ? विस्तारपूर्वक स्पष्ट करें। 6

(ग) रेडियो नाटक में ध्वनि प्रभावों और संवादों का क्या महत्त्व है ? 6



Downloaded from cclchatper.com

**11.** (क) उपमा ***अथवा*** रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 = 2

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 1 × 3 = 3

(i) रघुपति राघव राजा राम।

(ii) हरिपद कोमल कमल से।

(iii) पी तुम्हारी मुख बास तरंग, आज बौरे भौंरे सहकार।

**12.** निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नारी नर की शक्ति है। वह माता, बहन, पत्नी और पुत्री आदि रूपों में पुरुष में कर्त्तव्य की भावना सदा जगाती रहती है। वह ममतामयी है। अतः पुष्प के समान कोमल है किंतु चोट खाकर जब वह अत्याचार के लिए सन्नद्ध हो जाती है, तो वज्र से भी ज्यादा कठोर हो जाती है। तब वह न माता रहती है, न प्रिया, उसका एक ही रूप होता है और वह है दुर्गा का । वास्तव में नारी सृष्टि का ही रूप है, जिसमें सभी शक्तियाँ समाहित हैं।

(क) प्रस्तुत अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ख) नारी को फूल-सी कोमल क्यों कहा गया है ? 1

(ग) नारी दुर्गा का रूप कब बन जाती है ? 1

(घ) नारी किस-किस रूप में नर में शक्ति और कर्त्तव्य की भावना जगाती है ? 1



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th** Sr. Sec. (Academic) **Code No. 2903**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |  **SET : C**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

***(Morning Session)***

*समय : **2½** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/ शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) *कोई कवि से मिलने को विकल नहीं है ?* यह प्रश्न कवि के हृदय में क्या भर देता है ?

(क) खुशी (ख) मस्ती

(ग) उदासीनता (घ) विह्वलता

(ii) बच्चे दिशाओं को किसकी तरह बजाते हुए चलते हैं ?

(क) हारमोनियम (ख) मृदंग

(ग) तबला (घ) ढोलक

(iii) 'कपास' किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?

(क) मुलायम (ख) रुई

(ग) कृषि उत्पाद (घ) मखमल



Downloaded from cclchatper.com

(iv) 'बात सीधी थी पर' कविता में क्या उपमान ***नहीं*** आया है ?

(क) हथौड़ा (ख) कील

(ग) पेंच (घ) चूड़ी

(v) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ?

(क) सक्षम (ख) दृढ़

(ग) संवेदनशील (घ) कमज़ोर

**2.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*उससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं ?*
*तो आप क्यों अपाहिज हैं ?*
*आपका अपाहिजपन तो दुख देता होगा ।*
*देता है ?*
*(कैमरा दिखाओ इसे बड़ा बड़ा)*
*हाँ तो बताइए आपका दुख क्या है ?*

**अथवा**

*गरबीली गरीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब*
*यह विचार-वैभव सब*
*दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब*
*मौलिक है, मौलिक है*
*इसलिए कि पल-पल में*
*जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है –*
*संवेदन तुम्हारा है !*



Downloaded from cclchatper.com

**3.** आलोक धन्वा ***अथवा*** कुँवर नारायण सिंह के जीवन, रचनाओं तथा भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*हो जाए न पथ में रात कहीं,*
*मंज़िल भी तो है दूर नहीं –*
*यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है !*
*दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !*

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) *पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं* – बच्चों का उड़ान से कैसा सम्बंध बनता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ग) *'सबसे तेज़ बौछारें गयीं, भादों गया'* के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) महादेवी वर्मा ने लछमिन का नया नामकरण क्या देखकर किया ?

(क) तिलक (ख) वेशभूषा

(ग) धार्मिक स्वभाव (घ) कंठीमाला



Downloaded from cclchatper.com

(ii) लेखक की दृष्टि में जो लोग बाज़ारूपन को बढ़ाते हैं वे साथ ही साथ अन्य किस दोष को बढ़ाते हैं ?

(क) कपट (ख) झूठी

(ग) महँगाई (घ) ईर्ष्या

(iii) जीजी के लड़के ने पुलिस की लाठी किस आन्दोलन में खाई थी ?

(क) राष्ट्रीय आन्दोलन

(ख) नमक आन्दोलन

(ग) भारत छोड़ो आन्दोलन

(घ) विदेशी वस्त्र आन्दोलन

(iv) लुट्टन पहलवान कितने वर्ष तक अजेय रहा था ?

(क) दस वर्ष (ख) पंद्रह वर्ष

(ग) अट्ठारह वर्ष (घ) बीस वर्ष

(v) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में *'बोल गंगा मैया की जय'* का पहला नारा कौन लगाता था ?

(क) मेढक मण्डली (ख) गंगा स्नान करने वाले

(ग) हरिद्वार जाने वाले (घ) आरती गाने वाले

(vi) भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

(क) झाँसी (ख) हाँसी

(ग) झूँसी (घ) हूँसी



Downloaded from cclchatper.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

लेकिन ऊँचे बाज़ार का आमन्त्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है । चाह मतलब अभाव । चौक बाज़ार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके पास काफी नहीं है और चाहिए, और चाहिए । मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है ओह !

**अथवा**

देख तू तो अभी पढ़-लिख गया है । मैंने तो गाँव के मदरसे का मुँह भी नहीं देखा । पर एक बात देखी है कि अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर ज़मीन में क्यारियाँ बनाकर फेंक देता है, उसे बुवाई कहते हैं । यह जो सूखे हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गईं ?

(ख) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अन्तर होता था ?

(ग) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchatper.com

**9. 'वितान भाग-2'** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में किस प्रकार सफल रही हैं ? 2

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

(घ) 'जूझ' कहानी में पढ़ाई-लिखाई के सम्बंध में लेखक के पिताजी के क्या विचार थे ? 2

**10.** (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक*** या ***दो*** पंक्तियों में दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(ii) विशेष लेखन से क्या तात्पर्य है ?

(iii) 'डेड लाइन' से क्या तात्पर्य है ?

(ख) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए । 6

(ग) जनसंचार माध्यमों में प्रिंट माध्यम की खूबियों एवं खामियों का उल्लेख कीजिए। 6



Downloaded from cclchatper.com

**11.** (क) (i) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : $1 \times 2 = 2$

मनोरथ, सच्चरित्र ।

(ii) निम्नलिखित की संधि कीजिए : $1 \times 2 = 2$

उत् + लास, निः + आकार ।

(ख) निम्नलिखित पदों का समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : $1 \times 4 = 4$

यथाशक्ति, तुलसीकृत, राम-लखन, पीताम्बर ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : $1 \times 2 = 2$

(i) वन में मुझे एक पक्षियों का झुंड दिखाई दिया ।

(ii) विद्यालय में पढ़ने के तदुपरान्त छात्र घर गए ।



Downloaded from cclchatper.com

**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic)** **Code No. 3003**

**Series : SS-M/2016**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |   ***SET : C***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[** सभी वर्ग **I, II, III** के लिए **]**

***ACADEMIC***

**2nd SEMESTER**

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

***Evening Session***

*समय :* **2½** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* **80**

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **12** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from cclchatper.com

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii)* *प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) प्रातःकालीन आकाश का रंग कैसा था ?

(क) नीला (ख) काला

(ग) सुनहरा (घ) लाल

(ii) *'लाल केसर से धुली काली सिल'* किसे कहा गया है ?

(क) सूर्य (ख) तारे

(ग) आकाश (घ) चन्द्रमा

(iii) 'बादल-राग' कविता में कवि ने सुखों को कैसा बताया है ?

(क) स्थिर (ख) अस्थिर

(ग) जड़ (घ) निर्जीव

(iv) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर श्रीराम किसके समान विलाप करने लगते हैं ?

(क) नायक के समान (ख) राजा के समान

(ग) भाई के समान (घ) साधारण मनुष्य के समान

(v) श्रीराम ने किसकी हानि को विशेष हानि नहीं बताया है ?

(क) पत्नी की (ख) भाई की

(ग) मित्र की (घ) बहिन की



Downloaded from cclchatper.com

(vi) 'छोटा मेरा खेत' कविता में किस रस की अमृतधारा को अक्षय बताया गया है ?

(क) करुण (ख) साहित्य

(ग) श्रृंगार (घ) वात्सल्य

(vii) बगुलों के पंखों का रंग कैसा है ?

(क) काला (ख) नीला

(ग) सफ़ेद (घ) मटमैला

(viii) *'सदके फ़िराक एज़ाज़े-सुखन के कैसे उड़ा ली ये आवाज़'* – पंक्ति में भाषा कौन-सी है ?

(क) तत्सम् प्रधान (ख) तद्भव प्रधान

(ग) उर्दू-फ़ारसी (घ) ब्रजभाषा

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

*नील जल में या*

*किसी की गौर, झिलमिल देह*

*जैसे हिल रही हो।*

*और .........*

*जादू टूटता है इस उषा का अब*

*सूर्योदय हो रहा है।*



Downloaded from cclchatper.com

**अथवा**

जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,

तुझे बुलाता कृषक अधीर,

हे विप्लव के वीर !

चूस लिया है उसका सार,

हाड़-मात्र ही है आधार,

हे जीवन के पारावार !

**3.** उमाशंकर जोशी ***अथवा*** गोस्वामी तुलसीदास के जीवन, रचनाओं तथा भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

*तारे आँखें झपकावें हैं, .जर्रा ज़र्रा सोये हैं*

*तुम भी सुनो हो यारो ! शब में सन्नाटे कुछ बोले हैं।*

**अथवा**

*छोटा मेरा खेत चौकोना*
*कागज़ का एक पन्ना,*
*कोई अंधड़ कहीं से आया*
*क्षण का बीज वहाँ बोया गया।*



Downloaded from cclchatper.com

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$

(क) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है ?

(ख) शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहता है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के नीचे दिए गए चार विकल्पों में से एक ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) चार्ली चैप्लिन ने फ़िल्म कला को क्या बनाया ?

(क) गणतांत्रिक (ख) लोकतांत्रिक

(ग) साम्राज्यवादी (घ) निरंकुशवादी

(ii) जटिल परिस्थितियों ने चार्ली को कैसा (चरित्र) बना दिया ?

(क) अंतर्मुखी, स्थिर (ख) बाहरी, घुमंतू

(ग) अंदरूनी (घ) बुजुर्आ

(iii) लेखक ने कवि बनने के लिए क्या बनना आवश्यक माना है ?

(क) धनी (ख) ईमानदार

(ग) विद्‍वान (घ) फक्कड़

(iv) जाति-प्रथा किस पहलू के लिए हानिकारक है ?

(क) आर्थिक (ख) राजनैतिक

(ग) ऐतिहासिक (घ) सामाजिक



Downloaded from cclchatper.com

(v) पुराने फलों को अपने स्थान से हटते न देखकर लेखक को किसकी याद आती है ?

(क) महात्मा गाँधी की (ख) नेताओं की

(ग) बुजुर्गों की (घ) कालिदास की

(vi) उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भाँति अजेय है ?

(क) पलाश (ख) शिरीष

(ग) गुलाब (घ) गुलमोहर

(vii) 'नमक' पाठ के अनुसार क्या चीज़ हिंदुस्तान-पाकिस्तान की एकता का मेवा है ?

(क) बादाम (ख) काजू

(ग) कीनू (घ) पिस्ता

(viii) निम्नलिखित में से किसे लेखक ने काल्पनिक जगत की वस्तु कहा है ?

(क) स्वतंत्रता (ख) समता

(ग) भ्रातृता (घ) असमानता

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

भारतीय कला और सौन्दर्यशास्त्र को कई रसों का पता है, उनमें से कुछ रसों का किसी कलाकृति में साथ-साथ पाया जाना श्रेयस्कर भी माना गया है, जीवन में हर्ष और विषाद आते रहते हैं यह संसार की सारी सांस्कृतिक परम्पराओं को मालूम है, लेकिन करुणा का हास्य में बदल जाना एक ऐसे रस – सिद्धान्त की माँग करता है जो भारतीय परम्पराओं में नहीं मिलता ।



Downloaded from cclchatper.com

**अथवा**

उन्होंने पुड़िया को धीरे से अपनी तरफ सरकाना शुरू किया। जब सफ़िया की बात खत्म हो गई तब उन्होंने पुड़िया को दोनों हाथों में उठाया, अच्छी तरह लपेटा और खुद सफ़िया के बैग में रख दिया। बैग सफ़िया को देते हुए बोले, "मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुज़र जाती है कि कानून हैरान रह जाता है।"

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60-60** शब्दों में दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे आम्बेडकर ने क्या तर्क दिए ?

(ख) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा है और क्यों ?

(ग) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?

**9.** ***'वितान भाग - 2'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) वर्तमान में सिंधु सभ्यता को किस रूप में देखा और महसूस किया जा सकता है ?

(ख) मोहनजोदड़ो के अवशेष कितने पुराने हैं ? इन्होंने भारत को प्राचीन सभ्यताओं की किस श्रेणी में ला खड़ा किया है ?

(ग) ऐन की अज्ञातवास के समय क्या रुचियाँ थीं ?

(घ) ऐन के स्त्री-पुरुष अधिकारों पर क्या विचार थे ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया था जिससे ऐन को खुशी मिली थी ?

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) प्राचीन काल में मौखिक कहानी की लोकप्रियता का क्या कारण था ? 3



Downloaded from cclchatper.com

(ख) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन-सी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ? 6

(ग) 'सावन की पहली झड़ी' विषय पर एक लेख लिखिए। 6

**11.** (क) यमक ***अथवा*** रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 1 + 1 = 2

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(i) संसार की समरस्थली में धीरता धारण करो।

(ii) पीपर पात सरिस मन डोला।

(iii) सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा।

**12.** निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सुव्यवस्थित समाज का अनुसरण करना अनुशासन कहलाता है। व्यक्ति के जीवन में अनुशासन का बहुत महत्त्व है। अनुशासन के बिना मनुष्य अपने चरित्र का निर्माण नहीं कर सकता। अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए भी मनुष्य का अनुशासनबद्ध होना अत्यंत आवश्यक है विद्यार्थी जीवन मनुष्य के भावी जीवन की आधारशिला होती है। अतः विद्यार्थियों के लिए अनुशासन में रहकर जीवन-यापन करना आवश्यक है।

(क) प्रस्तुत अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ख) अनुशासन किसे कहा जाता है ? 1

(ग) अनुष्य किसके बिना अपने चरित्र का निर्माण नहीं कर सकता ? 1

(घ) विद्यार्थी जीवन किसकी आधारशिला है ? 1



Downloaded from cclchatper.com